

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे



नई सोच, नई पहल

ग्वालियर|| वर्ष : 03 अंक:39 | ग्वालियर शुक्रवार, 07 फरवरी 2020 पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रू.


## नैनो न्यूज

### 2030 तक दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एक होगा भारतः राजनाथ सिंह



**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 2030 तक भारत के दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का विश्वास व्यक्तकरते हुए कहा कि देश को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उत्तर प्रदेश का अहम योगदान होगा। 'डिफेंस एक्सपो-2020' में 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' विषयक सेमिनार को सम्बोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा वर्ष 2030 आते-आते भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। इसमें उत्तर प्रदेश का प्रमुख योगदान होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2024 तक भारत को 5,000 अरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। कुछ अर्थशास्त्री इस पर चिंता जताते हुए कहते हैं कि दुनिया में मंदी है, ऐसे में भारत इस लक्ष्य को कैसे हासिल करेगा। मगर इसके बावजूद सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था भारत की ही है। कुछ तिमाहियों के लिए कुछ कमी हो जाती है तो मैं समझता हूं कि वह कोई बहुत बड़ी चिंता का विषय नहीं है। रक्षामंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी विश्वास व्यक्तकिया है कि मंदी से पूरी दुनिया जूझ रही है, मगर भारत इससे जल्द ही उबर जाएगा। इसका मतलब यह है कि भारत पांच हजार अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। इसमें कोई दो राय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्साह और दूरदर्शिता को देखकर लगता है कि 5,000 अरब डालर के लक्ष्य को पूरा करने में उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान होगा। सिंह ने निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का न्यौता देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में वायु, रेल और सड़क कनेक्टिवटी को लेकर कोई संकट नहीं रह गया है। प्रदेश में एक खिड़की प्रणाली लागू कर दी गई है। अब कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये बहुत बड़ी योजना की जरूरत नहीं होती। बस नेतृत्व में उत्साह होने की जरूरत है। निवेशकों को अगर निवेश में कहीं कोई समस्या होती है तो यहां के नेतृत्व से आप सीधे मिलकर अपनी बात रख सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा उत्तर प्रदेश एक सम्भावनाओं वाला प्रदेश है। राष्ट्रीय राजधानी के साथ प्रदेश एक्सप्रेस-वे और राजमार्ग के जरिए सीधा जुड़ा हुआ है। देश में बन रहे पूर्व- पश्चिम माल गलियारा भी उत्तर प्रदेश से होकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा और वैमानिकी क्षेत्र को लेकर हमारी नीति पहले ही लागू हो चुकी है। ''हमारे पास बहुत बड़ा भूमि बैंक भी मौजूद है।

### अगले चार-पांच साल में शत-प्रतिशत विद्युत चालित नेटवर्क हो जाएगा रेलवेः गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा भारतीय रेल आगामी चार से पांच साल में 100 प्रतिशत विद्युत चालित रेल नेटवर्क बन जाएगी। इसके साथ ही यह दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क बन जाएगा। गोयल ने आठवें विश्व ऊर्जा नीति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे अपने पूरे नेटवर्क के विद्युतीकरण की ओर तेजी से बढ़ रहा है। रेल मंत्री ने कहा पहले ही करीब 55 नेटवर्क बिजली चालित है। आगामी चार-पांच साल में हमें इसके 100 प्रतिशत विद्युत चालित रेल नेटवर्क बन जाने की उम्मीद है, जो दुनिया में ऐसा सबसे बड़ा नेटवर्क होगा। गोयल ने कहा कि सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहित करने के लिए कई पहल शुरूकरने की कोशिश की है। उन्होंने कहा बिजली उत्पादन करने वाली सभी कंपनियां इस क्षेत्र में आने वाले सभी नए निवेशों के लिए 15 प्रतिशत की निम्न आयकर दर के लिए योग्य होंगी। गोयल ने कहा 2030 तक रेलवे 20 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन में निवेश करेगा। उन्होंने कहा यह अन्य देशों को भी संदेश देगा कि वे भी विद्युतीकरण को अपनाने पर विचार करें। गोयल ने कहा कि भारत ऊर्जा के उपयोग में बदलाव के लिए तैयार है और यह सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम स्तर पर नजर रखी जा रही है कि दुनिया को रहने के लिए बेहतर जगह बनाने के वैश्विक प्रयासों में देश भी भागीदार बने। उन्होंने कहा कोयला के संदर्भ में, हम विश्व में ऊर्जा उत्सर्जन स्तर कम करने की हमारी प्रतिबद्धताओं को लेकर बहुत सचेत है। पिछले छह साल में किसी नए संयंत्र को मंजूरी नहीं दी गई है। गोयल ने बताया कि सामान्य बल्ब की जगह पर एलईडी बल्ब के प्रयोग से हर साल आठ करोड़ टन से अधिक कार्बन ऑक्साइड में कमी आई है। उन्होंने कहा लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल करके खाना बनाने के पारम्परिक तरीकों को छोड़कर गैस के इस्तेमाल को बढ़ावा देना सरकार का महत्वाकांक्षी एवं सफल कार्यक्रम रहा है और इसके कारण प्रदूषण स्तर में गिरावट आई है।

## राज्यसभा में गरजे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, कहा- जो लोग कभी 'साइलेंट' थे, वे आज 'वायलेंट' हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के बाद राज्यसभा को संबोधित किया। राज्यसभा में बोलते हुए पीएम मोदी ने सीएए समेत बाकी मुद्दों को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा है कि जनगणना और एनपीआर, सामान्य प्रशासनिक गतिविधियां हैं जो देश में पहले भी होती आयी हैं लेकिन राजनीतिक मजबूरियों के कारण आज इसका विरोध किया जा रहा है।

जनगणना में हर बार सवालों में फेरबदल होता है, यह प्रशासिनक प्रक्रिया है और इस बारे में अफवाह न फैलाई जाए। नीचे पढ़िए राज्यसभा में पीएम मोदी के संबोधन की 10 बड़ी बातें-

- पीएम मोदी ने कहा कि पहली बार जम्मू-कश्मीर में एंटी करप्शन ब्यूरो की स्थापना हुई, पहली बार वहां अलगाववादियों के सत्कार की परंपरा समाप्त हो गई। पहली बार जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ पुलिस और सेना मिलकर निर्णायक कार्रवाई कर रहे हैं।
- अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर के गरीब सामान्य वर्ग को आरक्षण का लाभ मिला, पहली बार पहाड़ी भाषी लोगों को आरक्षण का लाभ मिला, पहली बार महिलाओं का ये अधिकार मिला कि वो अगर राज्य के बार विवाह करती हैं तो उनकी संपत्ति का अधिकार छीना नहीं जाएगा।
- उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने लोकसभा में एक बात कही थी अटल जी की सरकार ने उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ बनाएं थे, पूरे सम्मान, शांति और सद्भाव के साथ।
- देश के विभाजन के बाद जो लोग पाकिस्तान में रह गये थे उनमें से अधिकतर हमारे दलित भाई बंधु थे। अल्पसंख्यकों की दुहाई देने वाले लोग उनकी पीड़ा भी महसूस करें जो पड़ोस में अल्पसंख्यक बन गये , जो लोग कभी



'साइलेंट' थे वे आज 'वायलेंट' हैं।

- हिंदुस्तान का मुसलमान जिये और पाकिस्तान का हिंदू जिये। मैं इस बात को ठुकराता हूं कि पाकिस्तान के हिंदू पाकिस्तान के नागरिक हैं इसलिये हमें उनकी परवाह नहीं करना चाहिये यह बात राममनोहर लोहिया जी ने कही थी।
- सीएए के विरोध में जो हिंसा हुयी उसे आंदोलन का अधिकार मान लिया गया, सीएए के बारे में जो भी प्रचारित किया जा रहा है उसके बारे में सभी साथियों को खुद से पूछना चाहिये कि क्या उन्हें देश को गुमराह करना चाहिये। यह रास्ता सही नहीं हैं, हम सब मिल कर इस पर विचार करें।
- महिला सशक्तिकरण का राष्ट्रपति के अभिभाषण में संक्षेप में जिक्र है। बहरहाल, सरकार ने सैनिक स्कूलों में बच्चियों की भर्ती शुरु की है। आकांक्षी जिले भी प्रतिस्पर्धी बन कर सहकारी संघवाद का श्रेष्ठ उदाहरण बन रहे हैं। इन जिलों से आकांक्षी कस्बे चुनने को कहा गया है।
- जम्मू-कश्मीर में पीएम पैकेज समेत अन्य कई योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 का हटना, आतंक और अलगाव को बढ़ावा देने वालों के लिए ब्लैक डे सिद्ध हो चुका है।

9- नार्थ ईस्ट अभूतपूर्व शांति के साथ आज भारत की विकास यात्रा का एक अग्रिम भागीदार बना है। 40-50 वर्षों से नॉर्थ ईस्ट में हिंसक आंदोलन चलते थे, लेकिन आज वो आंदोलन समाप्त हुए हैं और शांति की राह पर नॉर्थ ईस्ट आगे बढ़ रहा है।

- यहां अर्थव्यवस्था के विषय में चर्चा हुई। देश में निराश होने का कोई कारण नहीं है। अर्थव्यवस्था के जो इइइइद्ध मानदंड है, उनमें आज भी देश की अर्थव्यवस्था सशक्त है, मजबूत है और आगे जाने की ताकत रखती है। नार्थ ईस्ट में कांग्रेस और उनके मित्र दलों की सरकारें थीं। आप चाहते तो उनकी समस्या पर सुखद समाचार आप ला सकते थे। इतने वर्षों के बाद उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान करने में हम सफल हुए हैं।



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद नई दिल्ली मे गुरुवार को राष्ट्रपति भवन मे एक समारोह मे भारतीय नामांकन श्रेणी के तहत धर्मशत्तु कुष्ठ रोग के लिए डॉ एन.एस को अंतर्राष्ट्रीय गांधी पुरस्कार प्रदान करते हुए।

## दूसरी पत्नी ने ही दोस्त के साथ मिलकर की विश्व हिन्दू नेता रंजीत बच्चन की हत्या



**लखनऊ , एजेंसी।** पुलिस ने विश्व हिंदू महासभा के अध्यक्ष रंजीत बच्चन की हत्या का खुलासा किया है। इस मामले में कत्ल की साजिश के पीछे रंजीत की दूसरी पत्नी और उसके ब्वॉयफ्रेंड का हाथ था। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि इन दोनों के बीच तलाक का मामला सुलझ नहीं रहा था और स्मृति इस बात से परेशान चल रही थी।

जिसके चलते उसने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर खौफनाक साजिश रच डाली। लखनऊ पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि रंजीत बच्चन की दूसरी पत्नी स्मृति उससे परेशान थी। दोनों अलग हो चुके थे, लेकिन उनके बीच तलाक का मामला कोर्ट में होने के बावजूद सुलझ नहीं रहा था। जबकि स्मृति किसी और से शादी करना चाहती थी, लेकिन केस हल ना होने की वजह से वो शादी नहीं कर पा रही थी। इसके बाद उन्होंने रंजीत को रास्ते से हटाने का मन बना लिया। इस काम में उसने अपने एक दोस्त के साथ मिलाया और इसी साजिश के तहत बाइक सवार हमलावरों ने लखनऊ के हजरतगंज इलाके में ग्लोबल पार्क के पास रंजीत बच्चन की गोली मार कर हत्या कर दी। तभी से पुलिस के लिए यह केस चुनौती बना हुआ था। पुलिस की कई टीम इस मामले में छानबीन कर रही थीं। इस हत्याकांड की जांच में पुलिस ने 70 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद पता चला कि इस हत्याकांड में स्मृति का पुरुष मित्र भी शामिल था। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## जज की पत्नी और बेटे की हत्या में गनर महीपाल दोषी करार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम की कोर्ट ने गुरुवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) कृष्णकांत की पत्नी और बेटे की हत्या मामले में 13 महीने बाद गवाहों और सबूतों के आधार पर आरोपी गनर महिपाल को दोषी करार दिया है। महिपाल की सजा पर शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई होगी। महिपाल जज कृष्णकांत के गनर के तौर पर उनकी सुरक्षा में तैनात था।

कड़ी सुरक्षा के बीच महिपाल को हथकड़ी पहनाकर कोर्ट में पेश किया गया। फैसला सुनने के लिए गुरुवार को महिपाल के मामा और मौसी भी कोर्ट में पहुंचे। दोषी करार दिए जाने के बाद महिपाल के चेहरे पर दुख साफ झलक रहा था। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा और उनकी मदद करने वाले वकील विशाल गुप्ता का कहना है कि गुरुग्राम के अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायाधीश सुधीर परमार ने गनर महिपाल को एडीजे की पत्नी और बेटे की हत्या में दोषी करार दिया है। दोषी करार देने के समय महिपाल और उसके वकील भी कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट ने दोपहर 3.00 बजे महिपाल को आईपीसी की धारा 302, 201 और ऑर्म्स एक्ट -27 के तहत दोषी करार दिया। शुक्रवार को कोर्ट में सुबह 11.00 बजे सजा पर सुनवाई होगी।

### क्या है पूरा मामला

जिला अदालत में कार्यरत तत्कालीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णकांत की पत्नी रितु और बेटे ध्रुव 13 अक्टूबर 2018 को सरकारी गनर महीपाल के साथ कार में गुरुग्राम के सेक्टर-49 स्थित आर्केडिया मार्किट में खरीददारी करने के लिए गए थे। जब वे खरीददारी कर वापस आए तो सुरक्षाकर्मी महिपाल उन्हें कार के पास नहीं मिला था। काफी देर बाद जब महिपाल आया तो मां-बेटे ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी।

## सीएम अरविन्द केजरीवाल बोले, सच्चा हिन्दू मैदान छोड़कर नहीं भागता, अमित शाह भाग रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली चुनाव का प्रचार थमने में चंद घंटे बाकी है। प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर निशाना साधा।

सीएम केजरीवाल ने कहा, 'गीता में लिखा है मैदान छोड़कर नहीं भागना चाहिए, सच्चा हिन्दू मैदान छोड़कर नहीं भागता है, अमित शाह मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। मैं अमित शाह से शाहीन बाग पर भी चर्चा करने के लिए तैयार हूं। बता दें, बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बहस के लिए आमंत्रित किया गया था। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि बीजेपी अपना मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित करे, ताकि वह 8 फरवरी के मतदान से पहले उससे बहस कर सकें। केजरीवाल ने मीडिया से कहा,



÷कल मैंने कहा था कि भाजपा अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम घोषित करे और मैं उससे बहस के लिए तैयार हूं। लेकिन उन्होंने किसी का नाम घोषित नहीं किया। इसका मतलब यह होता है कि उनके पास मुख्यमंत्री का कोई चेहरा ही नहीं है। मैं अब अमित शाह को बहस के लिए आमंत्रित करता हूं। मैं उनके साथ कहीं भी किसी भी मुद्दे पर बहस के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि एक लोकतंत्र में जनता के पास मुख्यमंत्री चुनने का अधिकार होता है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, ÷लोग उम्मीदवारों के लिए नहीं, बल्कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट दे रहे हैं। लेकिन बीजेपी ने किसी मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम ही घोषित नहीं किया, इसका मतलब यह होता है कि बीजेपी को वोट देना बेकार जाएगा। सीएम केजरीवाल ने कई प्रश्न गिनाए और कहा कि जनता ये सवाल पूछ रही है और बीजेपी इन सवालों के उत्तर जनता को दे। आप नेता ने कहाकि बीजेपी कह रही है कि जनता आपको राम मंदिर के लिए वोट दे, लेकिन इसके लिए तो जनता आपको लोकसभा में वोट दे चुकी है। केजरीवाल ने कहा कि आपको जनता को बताना होगा कि वह बीजेपी को क्यों वोट दे। जनता जानना चाहती है कि आप शाहीन बाग का रास्ता क्यों नहीं खुलवा पाए। आप उस इलाके के आम लोगों को क्यों परेशान कर रहे हैं? जनता आप से पूछ रही है कि आपने सिर्फ मुझे हराने के लिए इतने सारे नेताओं और पार्टियों को क्यों बुला लिया है?

## 11 फरवरी को टुकड़े-टुकड़े गैंग को झटका लगने वाला हैः शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रचार के अंतिम दौर में राजधानी दिल्ली के सीमापुरी, हरीनगर और मादी पुर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया और देश सुरक्षा, विकास और सुशासन के लिए लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की।**



इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी. लोजपा नेता चिराग पासवान और मनजिन्दर सिंह सिरसा के साथ-साथ प्रदेश, जिला व मंडल के वरिष्ठ नेता और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। अमित शाह ने रोड शो के दौरान जनता को संबोधित भी किया और कहा कि शाहीनबाग आम आदमी पार्टी व कांग्रेस का जोइंट प्रोजक्ट है। केजरीवाल और राहुल गांधी को इस बात की चिंता है कि शाहीनबाग पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि वे बताएं देश की सुरक्षा चुनावी मुद्दा क्यों नहीं होना चाहिए? क्यों शाहीनबाग में बैठे लोग जिन्ना वाली आजादी मांग रहे हैं और क्यों टुकड़े-टकड़े गैंग उन्हें समर्थन दे रही है। इन लोगों शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आप सबको बता देना चाहता हूं कि टुकड़े-टुकड़े को गैंग झटका लगने वाला है, क्योंकि आप जो 8 फरवरी को अपने पूरे परिवार के साथ बूथ पर कमल के निशान पर बटन दबाने जा रहे हैं, वो दिल्ली और देश के विकास व सुरक्षा को सुनिश्चित करने जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि केजरीवाल ने पिछले पांच सालों में कोई कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि 500 स्कूल बनवाएंगे, 50 कॉलेज बनवाएंगे, 5 हजार नई बसें चलवाएंगे। दिल्ली की जनता जानना चाहती है कि केजरीवाल आपको वो वादे कहां गए, जिसमें आपने कहा था कि हम दिल्ली को लंदन बनाएंगे? आज दिल्ली की सड़कों पर गड्ढे हैं या गढ्ढे में सड़क है, समझ में ही नहीं आ रहा है। उल्टा इन्होंने दिल्ली की जनता को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने नहीं दिया और रोक कर रखा। मैं पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल ने आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू क्यों नहीं होने दी। सीधी सी बात है, इनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। अमित शाह ने कहा कि याद कीजिए आज से साल भर पहले जब पुलवामा में आतंकी हमला हुआ और हमारी सेना ने एयर स्ट्राइक करके उसका बदला लिया। दिल्ली वासियों आप सभी जानते हैं पूरा देश सेना के शौर्य को सलाम कर रहा था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सबसे ज्यादा दुखी कौन था। मैं बताता हूं पहला राहुल गांधी, दूसरा अरविंद केजरीवाल और तीसरा पाकिस्तान में बैठा इमरान खान था। इन तीनों को सर्जिकल स्ट्राइक से बहुत समस्या थी। मैं पूछना चाहता हूं क्या ऐसे लोगों को दिल्ली की सत्ता हाथ में देनी चाहिए। नहीं देनी चाहिए। ये लोग राष्ट्र की सुरक्षा के लिए बहुत खतरनाक हैं। दूसरी ओर केन्द्र सरकार लगातार जनहितों के कार्य कर रही है। लोगों को आवास, गैस कनेक्शन और आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवा रही है। यही इनके दर्द का सबसे बड़ा कारण है। दिल्ली वाले ये बात भी अच्छी तरह समझते हैं और उसका जवाब 8 फरवरी को कमल के निशान पर बटन दबाकर देंगे।

### निर्भया के दोषी अक्षय ने राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** एक बार फिर निर्भया के दोषी अक्षय ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को चिट्ठी लिखी है। इसकी जानकारी देते हुए वकील एपी सिंह ने कहा कि अक्षय ने 1 फरवरी को राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा था कि अक्षय की दया याचिका बिना उसके हस्ताक्षर के राष्ट्रपति के समक्ष दाखिल की गई। हालांकि अब दया याचिका पर संज्ञान नहीं लिया जाए। अक्षय के वकील एपी सिंह के अनुसार, राष्ट्रपति भवन में पावती की मुहर के साथ संलग्न पत्र में कहा गया है कि 31 जनवरी को दाखिल दया याचिका पर अक्षय के हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान नहीं हैं। न ही याचिका तिहाड़ जेल प्रशासन से प्रमाणित है. साथ ही याचिका दोषी की आर्थिक स्थिति और केस की पूरी जानकारी के बिना जल्दबाजी में दायर हुई थी।

# पटवारियों के हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

दतिया। पटवारी अंकित पाराशर के साथ पण्डोखर धाम पर हुई मारपीट एवं जान लेवा हमला करने वाले अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं सुरक्षा को लेकर ज्ञापन कलेक्टर के नाम एडीशनल कलेक्टर विवके रघुवंषी एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन एस.डी.ओ.पी.श्रीमती गीता भारद्वाज को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया हैकि पटवारी अंकित पाराशर के साथ हुई मारपीट के आरोपी महंत गुरूशरण शर्मा एवं अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे है और राजीनामा के लिये दबाव बना रहेहै। साथ हीअन्य प्रकरण दर्ज करवाने की धमकी दे रहे है। जिससे पीड़ित पक्ष में भय का माहौल है। ज्ञापन उपरांत म.प्र. पटवारी संघ दतिया का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर रोहित सिंह से मुलाकात की जिसमें कलेक्टर द्वारा शीघ्र गिरफ्तार का आश्वासन दिया गया प्रतिनिधि मण्डल में प्रांतीय संयोजक प्रभात श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक संघ जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह बुन्देला, संभागीय कोषाध्यक्ष शत्रुघन उज्जैनिया एवं पीड़ित पटवारी अंकित पाराशर भी शामिल थे।



**तहसीलदार संघ एवं राजस्व निरीक्षक संघ भी शामिल हुआ**-म.प्र. पटवारी संघ के ज्ञापन के साथ तहसीलदार संघ एवं राजस्व निरीक्षक संघ भी शामिल रहा एवं उन्होंने ज्ञापन में समर्थन दिया।ज्ञापन के समय तहसीलदार संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत त्रिपाठी एवं राजस्व निरीक्षक संघ के अध्यक्ष ध्रुव सिंह बुन्देला एव नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**भू-माफ्यिाओं पर कार्यवाही की भी मांग**-ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पण्डोखर धाम के परिसर में भू-माफ्यिाओं द्वारा अतिक्रमण किया गया जिसकी अतिक्रमण रिपोर्ट हल्का पटवारी द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि सर्वे क्रमांक 839, 843, 844, 848, 849 एवं 852 कुल रकवा 12.56 है. में से 4.25 हे. पर जनशक्ति पुंज ग्राम बरहा मानव कल्याण संस्थान चेरीटेबिल ट्रस्ट पण्डोखर धाम मुकेश गुप्ता पुत्र प्रेमनारायण गुप्ता द्वारा अतिक्रमण किया गया है। संघ ने उक्त अतिक्रमण को शीघ्र हटाकर माफ्यिा विरोधी कार्यवाही की मांग की है।

**गिरफ्तारी न होने की दशा में आंदोलन करेगा पटवारी संघ**-पटवारियों के हमलावरों की गिरफ्तारी अगर तीन दिवस में नहीं होती है तो म.प्र.पटवारी संघ दतिया क्रमबद्ध आंदोलन करेगा।



# तपश्या के निधन पर जिला लोधी राजपूत सभा ने की शोक सभा

**दतिया ।** जिला लोधी क्षत्रिय सभा दतिया द्वारा तपस्या राजपूत के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया एवं दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु प्राथना कर श्रधांजलि दी गयी ।

जैसा की सभी को विदित है दिनांक 27ध01ध2020 को कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ सरनाम सिंह राजपूत की नातिन एवं ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह राजपूत की पुत्री तपस्या राजपूत का विगत दिनों सड़क हादसे में निधन हो गया था । छात्रा के असमय निधन से सभी सजातीय लोधी राजपूत समाज के बंधुओ में शोक का माहौल है आज श्याम सुन्दर राजपूत के निवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया । इस अबसर पर सभी उपस्थित जनों ने 2 मिनट का मौन धारण किया एवं दिवंगत तपस्या राजपूत के निधन पर श्रधांजली व्यक्ति की वहीं सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्रा शालिनी रावत के शीघ्र स्वस्थ्य होने के लिए प्राथना की। शोक श्रधांजली सभा में शिवशंकर राजपूत, डॉ अमर चन्द्र, राजकुमार (पिल्लू), कप्तान सिंह, हरिमोहन सिंह, रामदीन वरोय, अमर राजपूत, श्याम सुन्दर राजपूत, सुरेन्द्र सिंह,अमर सिंह, प्रेमदास लोधी, अमित राजपूत,अर्जुन सिंह,रामकिशोर,जयेंद्र सरपचं,मोहित,राजा सिंह,पंकज सिंह,पटेल,ब्रजेश घिसलनी,प्रवेन्द्र आदि उपस्थित रहे ।

## एक नजर...

### परशुराम सेना ने परशुराम मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान



दतिया। गुरूवार को परशुराम सेना शाखा दतिया के द्वारा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत जिला संयोजक- रमाकान्त मुदगल ने परशुराम सेना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ परशुराम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। परशुराम सेना के सदस्यों ने परशुराम परिसर में फैले जगह-जगह कूड़े- कचरे को साफ किया और अनुपयोगी पौधों को हटाया दिया। इस अभियान में उनके साथ जिला उपाध्यक्ष- जनमेजय प्रोहित, सतेंद्र भार्गव, जिला महामंत्री- रितिक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी- किशन गोस्वामी, जिला कार्यसमिति सदस्य- राजदीप मुदगिल, विनीत शर्मा , आकाश शर्मा व सदस्यों में प्रवीन तिवारी, अभय शर्मा, सत्यम समाधिया, हिमांशु, राघव गोस्वामी, रोहित त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

### बहुजन यूथ एंड स्टूडेंट संघ के छात्र 3 दिन से बैठे भूख हड़ताल पर



दतिया। छात्र नेता लोकेंद्र नेता जी एवं स्वदेश बौद्ध सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर शासकीय पीजी कॉलेज दतिया गेट के बाहर समस्त छात्र-छात्राओं की 8 प्रकार की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़तार पर बैठे हैं। शासन प्रशासन ने अभी तक सुध नहीं ली। छात्र नेता लोकेन्द्र नेताजी ने कहा जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। भूख हड़ताल में उपस्थित छात्र नेता धीरे ,निर्बाध, आदर्श गौतम, शिवकुमार, प्राची फौजी, राघवेंद्र सिंह बुंदेला, शैलेंद्र पटेल, मनीष कुशवाहा, आकाश धमना, संतोष बिजोलिया, सोहन सिंह चाचा जी, कमल किशोर, भागीरथ प्रजापति, राज प्रताप मनगोरिया, गौतम सिंह केवट, पवन, अजय पटवा, अनिल पटवा, मोनू सूर्यवंशी, अरविंद स्टार्ट, अज्जू भाई, विवेक कोली, अमित गौतम, शिवम, राहुल, रोहित गौतम, आनंद प्रिय गौतम, आकाश गौतम आदि छात्र उपस्थित रहे।

### दिव्यांग छात्र ऋषि अहिरवार का मनाया गया जन्म दिन



दतिया। गुरूवार को मूक वधिर आवासीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र ऋषि अहिरवार का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। जिसमें दतिया के पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती ने उपस्थित होकर दिव्यांग ऋषि अहिरवार को आशीर्वाद दिया। राजेन्द्र भारती ने स्कूल संचालक से कहा कि जहॉ भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं आपके साथ खड़ा हूँ। बच्चों से खूब पढ़ने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था संचालक सुख सिंह गौतम ने किया। बच्चों का सांकेतिक भाषा मे अमित कुमार सहायक शिक्षक द्वारा परिचय कराया और बच्चों ने बारी बारी से अपना अपना परिचय दिया इसके उपरांत मुख्यअतिथि का शॉल, श्रीफल देकर स्वागत करते हुये एवं इस मौके पर मयंक, जयराम, कु0 अर्पिता, श्रीमती राजवती, मुकेश एवं समस्त स्टाफ अध्यनरत बच्चे आदि उपस्थित रहे।

### जिले में नसबंदी शिविरों का आयोजन

दतिया। सीमित परिवार रखने के लिए इस माह फरवरी 2020 में जिले में विभिन्न स्थानों पर नसबंदी शिविरों का आयोजन रखा गया है। ये शिविर 8 फरवरी, 10 फरवरी, 15 फरवरी, 17 फरवरी, 22 फरवरी, 24 फरवरी, 25 फरवरी एवं 29 फरवरी 2020 को जिला चिकित्सालय में, 12 फरवरी, 19 फरवरी तथा 26 फरवरी 2020 को जिला चिकित्सालय एवं इंदरगढ़ में, 13 फरवरी, 20 फरवरी एवं 27 फरवरी 2020 को जिला चिकित्सालय एवं भाण्डेर में, 14 फरवरी एवं 28 फरवरी को जिला चिकित्सालय, इंदगरढ़ एवं सेवढ़ा में तथा 11 फरवरी 2020 एवं 18 फरवरी 2020 को जिला चिकित्सालय एवं बसई में लगेंगे।

### जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक 7 फरवरी को

दतिया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2020 की फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2020 को होगा। इस बाबत यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे 7 फरवरी 2020 को मध्यान्ह 12 बजे जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है।

# मेडीकल कॉलेज दतिया के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने खाई हाथीपांव रोग बचाव की गोलियां

दतिया। मेडीकल कॉलेज दतिया में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. हेमन्त गौतम एवं उनके स्टाफ के सदस्यों द्वारा सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रथमतः मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. राजेश गौर जी द्वारा समस्त विद्यार्थियों एवं चिकित्सका शिक्षकों के समक्ष स्वयं डीईसी एवं एल्वेंडाजोल की गोलियों का सेवन किया। तत्पश्चात् स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक दवा सेवन की गई। कार्यक्रम में कम्यूनिटी मेडीसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप शुक्ला सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक स्टाफ सहित उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. गौर ने कहा कि जो भी विद्यार्थी या व्यक्ति यह दवा नहीं खायेंगे वे अपने आप से धोखा करेंगे। क्योंकि यह बीमारी छिपी हुई बीमारी है। इससे बचाव के लिए प्रतिवर्ष यह गोलियां खाना आवश्यक है। सभी विद्यार्थी एवं चिकित्सा महाविद्यालय परिवार के शिक्षक एवं कर्मचारी आवश्यक रूप से इस दवा का भोजन पश्चात् सेवन करें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. हेमन्त गौतम द्वारा फायलेरिया रोग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा गया कि दतिया में विगत 15 वर्ष से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिस कारण हाइड्रोसिल एवं हाथीपांव के रोगियों में काफी कमी आई है। सभी लोग उम्र के अनुसार प्रतिवर्ष इस दवा का सेवन करते रहे, तो निश्चित रूप से इस बीमारी से दतिया जिले को मुक्त किया जा सकता है।



### जितेन्द्र गौतम ने की 60 घंटे के योग प्राणायाम की शुरूआत

# जितेन्द्र निश्चित ही वर्ल्ड रिकार्ड बनायेंगे : एसडीएम.बघेल

**दतिया।** लगातार 25 घंटे डांस का.रिकॉर्ड को बनाने वाले, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले, जितेन्द्र गौतम गुरु, लगातार 60 घंटे योग प्राणायाम करने का आलीशान सफर की शुरूआत करके, एक और विश्व रिकॉर्ड निश्चित ही बनायेंगे। - उक्त विचार जितेन्द्र गौतम के द्वारा, लगातार 60 घन्टे, योग प्राणायाम के विश्व रिकार्ड के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह बघेल, एसडीएम, दतिया ने व्यक्त किये। अध्यक्षता पीजी कॉलेज दतिया के प्राचार्य डॉ. डी. आर. राहुल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित डॉ. आलोक सोनी, योग गुरु मनोज द्विवेदी, योग गुरु राजकुलदीप सिंह सिकरवार, जिला चिकित्सालय दतिया के डेंटल सर्जन डॉ. के के अमरया, पीतांबरा कॉलेज दतिया के डायरेक्टर शुभम श्रीवास्तव, मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. बृजेंद्र स्वरूप उपस्थित रहे। सफल संचालन मैथ मैटिक्स पाईन्ट के डायरेक्टर राशिद अली ने किया। माँ की आराधना उपरांत व्यवस्थापक डॉ.बालकृष्ण कुशवाहा, दिनेश कारीगर, श्रीमती अनीता गौतम, अल्पना सोनी, श्याम सोनी, जितेन्द्र गौतम ने सभी अतिथियों का फूलमाला पहनाकर, शाल उढ़ाकर, श्रीफल, सम्मान पत्र भेंट करके, सर्वश्रेष्ठ समाज चिंतक सम्मान 2020 सम्मान से सम्मानित किया। जितेन्द्र गौतम ने कहा- मैं यह रिकार्ड गिनीज बुक, गोल्डन बुक, इण्डिया बुक और लिम्का बुक में दर्ज कराने हेतु बनाने जा रहा हूँ। डॉ. आलोक सोनी ने पूर्व रिकार्ड की जानकारी देकर, जितेन्द्र गौतम को माला पहनाकर अभिनंदन किया। सभी अतिथियों ने भी जितेन्द्र को माला पहनाकर, योग प्राणायाम करने हेतु प्रेरित करके मंच पर आसन्दी ग्रहण करवाई। सभी अतिथियों ने जितेन्द्र को बधाई दी ।आभार व्यवस्थापक डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा ने व्यक्त किया।



### विश्वकर्मा विकास सेवा समिति मनाई गई विश्वकर्मा जयंती आज

दतिया। विश्वकर्मा विकास सेवा समिति दतिया द्वारा 07 फरवरी को विश्वकर्मा समाज के मन्दिर छोटा बाजार में श्री शिव जी मंदिर पर विश्वकर्मा जयंती बड़ी हर्ष के साथ मनाई जायेगी। इससे पूर्व शिवजी का अभिषेक किया जायेगा। इसके पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया जायेगा। प्रेवेन्द्र अध्यक्ष, सतीश सचिव, श्रीराम कोषाध्यक्ष, राम रतन संरक्षक, जगदीश, सन्तोष, शीतल के द्वारा समाज बन्धुओं से आग्रह किया है कि मंदिर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

# ग्वालियर क्लब और गणेश क्लब ने जीते मुकाबले

**ग्वालियर के शिवम और गणेश क्लब के सनी टिलवानी रहे मैन आफद मैच**

**दतिया।** कपिल सेठ एवं अशोक खरे मित्र मंडल द्वारा आयोजित टी 20 लीग कम नाक आउट के आधार पर स्टेडियम ग्राउण्ड पर चल रहे क्रिकेट आयोजन में दूसरे दिन खेले गये मुकाबले में ग्वालियर क्लब और गणेश क्लब नें अपने मैच जीते जहां ग्वालियर क्लब की यह दूसरी जीत है वहीं गणेश क्लब नें पहली जीत दर्ज की। पहला मुकाबला ग्वालियर और पुलिस एकादश बी के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये ग्वालियर क्लब नें निर्धारित 20 ओवर में 06 विकेट खोकर 178 रन बनाये। 178 रन बनाने में सर्वाधिक योगदान उदघाटक बल्लेबाज शिवम नें 48 गेंदो का सामना करते हुये 78 रन बनाये उनका साथ 37 हिमांशु नें दिया वहीं अभिनीत नें 29 रनों का योगदान अपनी टीम के लियें दिया। पुलिस एकादश की और से गेंदबाजी करते हुये जयदीप नें 02 विकेट लिये वहीं संजय और शनी नें 01-01 विकेट प्राप्त किया। जबाबी लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस एकादश 13 वे ओवर में 77 रन बनाकर पवैलियन वापिस लौट गई। शनी और रंजीत नें 12-12 रनों का सर्वाधिक स्कोर बनाया। मैच का मेन आफद मैच का पुरूस्कार ग्वालियर के शिवम को राजेश पेंकरा सहायक जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंन्द्र एवं अभिषेक खरे के द्वारा दिया गया। दूसरा मैच गणेश क्लब व सनशायन अकादमी के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुये गणेश क्लब नें निर्धारित 20 ओवर में 04 विकेट खोकर 198 रन बनाये जिसमें सर्वाधिक योगदान वीरू 72 एवं महिपाल गुर्जर 51 एवं पंकज शर्मा ने 32 रनों नें दिया। सनशायन अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुये गौरव नें 02 एवं मोहित नें 01 विकेट प्राप्त किया। विजय लक्ष्य के लिये उतरी सनशायन अकादमी 19 वे ओवर में 163 रनो पर घर वापसी कर बैठी और 35 रनों से मैच हार गई। 163 रनों में नौशाद नें 21 और लारा नें 20 रनों का सर्वाधिक स्कोर किया। गणेश क्लब की ओर से गेदबाजी करते हुये सनी टिलवानी नें घातक गेंदबाजी करते हुये 04 ओवर में 26 रन देकर 05 विकेट प्राप्त किये। मैच का मेन आफद मैच का पुरूस्कार वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी आनंद मोहन सक्सैना,विजय बुंदेला,रामू शर्मा एवं पंकज भटट के द्वारा सनी टिलवानी को दिया गया। मैच के अम्पायर शशांक श्रीवास्तव,अभिषेक बबेले,हैदर अली और रवि गौल्या रहे स्कोरर की भूमिका पारस मांझी नें निभाई, वहीं मैच का ऑखो देखा हॉल पुलिस एकादश के नीरज भदकारिया नें सुनाया।

# बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर संपन्न हुई कार्यशाला

दतिया। लाडो अभियान के अंतर्गत यहां जिला बाल संरक्षण कार्यालय में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर केन्द्रित कार्यशाला का आयोजन हुआ। बाल संरक्षण समिति सदस्य श्रीमती कृष्णा कुशवाहा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। कार्यशाला में विवाह सेवा प्रदान करने वाले विभिन्न सेवाप्रदाताओं जैसे, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, टेंटवाला, मेरिज गार्डन, पंडित, नाई आदि एवं कोरग्रुप सदस्य, पर्यवेक्षक श्रीमती सरोज शुक्ला, सुश्री प्रेमबाई गुप्ता, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती आरती गुप्ता, सुश्री नीलम मिश्रा एवं किशोर बालक-बालिकाओं, विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तदुपरांत राजीव चौवे ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल विवाह करना कानूनन अपराध है और यदि कोई व्यक्ति होने वाले बाल विवाह में किसी प्रकार की सेवा प्रदान करता है तो वह भी बाल विवाह दोषी माना जावेगा और उसे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार दंडित किया जा सकता है।




कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बाल संरक्षण अधिकारी धीर सिंह कुशवाह ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में बताते हुए कहा कि बाल विवाह एक ऐसी सामाजिक कुरीति है, जिसका व्यक्ति के सामाजिक जीवन एवं शारीरिक, मानसिक दशा पर वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कराना कानूनन अपराध है एवं ऐसे बाल विवाह में सेवा देने वाले विभिन्न सेवा प्रदाता जैसे प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, टेंटवाला, मेरिज गार्डन, पंडित, नाई आदि भी बाल विवाह के दोषी होंगे और उन्हें 2 वर्ष तक का कारावास एवं 1 लाख रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। इसीक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी बृजेन्द्र सिंह कौरव ने उपस्थित प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए अपील की कि यदि आपको अपने कार्य क्षेत्र में किसी भी बालक अथवा बालिका के बाल विवाह की जानकारी मिलती है, तो तत्काल यह जानकारी विभाग, पुलिस विभाग को अथवा चाईल्ड लाईन 1098 आदि को दें, ताकि बाल विवाह होने से पूर्व ही ऐसे विवाह को रोका जा सके। कार्यक्रम के अंत में श्री आकाश श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को चाईल्ड लाईन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090 आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से श्री यशदीप सिंह, श्री हेमंत नामदेव, सुश्री हर्षा जैन, सुश्री वर्षा यादव एवं श्री घनश्याम राजपूत सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर...

### दैवज्ञ प्रबोध पञ्चाङ्ग का हुआ विमोचन

भिण्ड,ब्यूरो। शहर के वीरेंद्र वाटिका गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में देवज्ञ प्रबोध पञ्चाङ्ग का विमोचन किया गया। ग्वालियर-चम्बल अंचल से पहली बार हुए किसी पञ्चाङ्ग के विमोचन अवसर पर बड़ी संख्या में साधु, संत, वैदिक ब्राह्मणों के साथ ही देशभर से प्रख्यात प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। पञ्चाङ्ग का निर्माण क्षेत्र के जाने माने ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ रामलखन



शास्त्री महेरे द्वारा किया गया है। पंचांग के निर्माता पंडित राम लखन महेरे ने बताया कि ग्वालियर चंबल के आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए यह पंचांग बेहद ही उपयोगी है। इस पंचांग की गणना में बहुत ही सूक्ष्म पद्धति का इस्तेमाल कर इसकी गणना की गई है। जिन सूक्ष्म पद्धतियों का इस्तेमाल अक्सर पञ्चाङ्ग निर्माण की गणना में नहीं किया जाता है उनका इस्तेमाल कर इस पंचांग को निर्मित किया गया है। जिससे यह बेहद ही सटीक जानकारी देगा। इसके साथ ही इसमें आम आदमी के लिए आसानी से समझ में आने वाली पद्धति से विवाह मुहूर्त, गृह निर्माण, गृह प्रवेश आदि मुहूर्तों को तिथि, समय, दिशा के अनुसार बताया गया है, जिससे आम लोग भी इस पंचांग का उपयोग आसानी से कर सकेंगे। प्रख्यात पंडित योगाचार्य सत्यनारायण शर्मा भारद्वाज ने पंचांग की सराहना करते हुए कहा कि यह पंचांग काफी सुगम और आसान बनाया गया है। यह लोगों के लिए बेहद ही उपयोगी है। पंचांग के विमोचन के कार्यक्रम की अध्यक्षता दंदरौआ धाम महंत महामंडलेश्वर 1008 श्री रामदास महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर संस्कृत के प्रख्यात विद्वान वक्ता चंद्रशेखर शर्मा मौजूद रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि गिरधारी मठ आश्रम चिलोंगा धाम के अवधूत रामनिवास महाराज मंचासीन रहे। इसके साथ ही क्षेत्र के जाने माने विद्वान पंडित राधेश्याम शास्त्री, पंडित यमुना प्रसाद शास्त्री, पं गंगाचरण भारद्वाज, पं पवन शास्त्री के साथ ही गणमान्य नागरिकों में नमोनारायण दीक्षित आदि सहित सैकड़ों की संख्या में विद्वानजन उपस्थित रहे। विमोचन कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर इकबाल अली द्वारा किया गया।

### आपकी सरकार आपके द्वार शिविर 13 फरवरी को कृषि उपज मण्डी भिण्ड में

भिण्ड,ब्यूरो। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर छोटेसिंह की अध्यक्षता में ''आपकी सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम के अन्तर्गत नागरिको की समस्याओं एवं शिकायतो का निवारण हेतु जनपद स्तरीय शिविरों का आयोजन जनपद स्तर पर किया जाना है। भिण्ड जिले में 13 फरवरी 2020 से 27 मार्च 2020 तक प्रातः 11 बजे से शिविरो का आयोजन किया जाएगा। आपकी सरकार आपके द्वार शिविरों कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर छोटेसिंह की अध्यक्षता में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अन्तर्गत जिले की पांचो जनपद पंचायतो पर जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जनपद पंचायत भिण्ड के अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी भिण्ड पर 13 फरवरी 2020 को, जनपद पंचायत गोहद के अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी परिसर गोहद पर 27 फरवरी 2020 को, जनपद पंचायत मेहगांव के अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी मेहगांव पर 6 मार्च 2020 को, जनपद पंचायत अटेर के अन्तर्गत किला परिसर अटेर पर 13 मार्च 2020 को, जनपद पंचायत रौन के अन्तर्गत तहसील परिसर रौन पर 20 मार्च 2020 को एवं जनपद पंचायत लहार के अन्तर्गत भाटनताल लहार पर 27 मार्च 2020 को प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर छोटेसिंह ने जिले के समस्त विभागों के जिला अधिकारी अपने मैदानी अधीनस्थों के साथ उक्त शिविरों में अनिवार्यतः उपस्थित रहकर नागरिको की समस्याओं एवं शिकायतो का निराकरण करेंगे।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

भिण्ड,ब्यूरो। बरोही थाना क्षेत्र के जेशूपुरा के हार में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते नीम के पेड़ पर फांसी का फंदा डालकर स्वयं को फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार अशोक पुत्र रघुराज भदौरिया उम्र 44 वर्ष निवासी बिजपुरी थाना देहात ने बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते जेशूपुरा के हार-खेत में लगे नीम के पेड़ पर फांसी का फंदा डालकर स्वयं को फांसी लगा ली। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और मृतक के शव को अन्तिम परीक्षण के लिए चिकित्सालय पहुंचा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### कट्टाधारी पुलिस की गिरफ्त में

भिण्ड,ब्यूरो। देहात थाना क्षेत्र के भूरा मठी बसेडिया रोड पर से पुलिस ने जरिए मुखबिर की सूचना पर से एक युवक को कट्टा कारतूस सहित रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार देहात क्षेत्र के भूरामठी बसेडिया रोड पर गुरुवार को एक युवक कोई अप्रीय घटना को अन्जाम देने की नियत से अवैध हथियार लिए घूम रहा था, कि तभी मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका स्थल पर पहुंच उक्त जगह की घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा राउण्ड बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम किशन निवासी सावित्री नगर गौरी का किनारा भिण्ड बताया। पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### युवराज सिंह ने किया जिले का नाम रोशन, रीवा सैनिक स्कूल में चयन



भिण्ड,ब्यूरो। शासकीय विद्यालय में शिक्षा ले रहे युवराज सिंह का चयन रीवा के सैनिक स्कूल में हो गया। युवराज सिंह ने माता-पिता के साथ-साथ जिले का नाम भी रोशन किया है। जानकारी मुताबिक युवराज सिंह पुत्र डॉ. श्यामसिंह राजावत निवासी भारौली, हाल-सीता नगर वार्ड क्रमांक 09, कक्षा 5वीं का छात्र है, जो शासकीय विद्यालय सुरुरु मेंहगांव में पढ़ रहा है। युवराज सिंह ने सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए 5 जनवरी 2020 को ग्वालियर में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में परीक्षा दी, जिसमें से उसने पूर्णांक 300 में से 246 अंक प्राप्त किए और उसका नाम सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए चयनित हो गया। इस खुशी के अवसर पर दादा आर्मी केप्टन से रिटायर्ड रामौतार सिंह, दादी श्रीमती निर्मला देवी, माता पूनम देवी एवं परिवार और सगे संबंधियों ने युवराज सिंह को आशीर्वाद और बधाईयां दी।

# राठौर की चुस्त ट्रैफिक व्यवस्था वाहन चालकों को दी सख्त हिदायत नियम का करें पालन





**रिपोर्टर धर्मेन्द्र सिंह**

भिण्ड। लहार में इन दिनों अतिक्रमण विरोधी मुहिम के चलते लहार में कुछ जगह दुकानों के बहार मलबा एबम सहालग के चलते अधिक बहानों का सकरे रास्ते से निकलने से लोगो को जाम जैसी आपदाओं से सामना करना पड़ रहा था पर जब से माननीय मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह के प्रयास से नगर में ट्रैफिक प्रभारी सूबेदार प्रेम सिंह राठौर को लहार ट्रैफिक प्रभारी बनाया गया उस दिन से ट्रैफिक प्रभारी महोदय लहार थाना प्रभारी दिलीप सिंह यादव के सफल मार्गदर्शन में लहार नगर के ट्रैफिक की बेहतरीन ब्यवस्था बनाये हुए है और किसी को शिकायत का मौका तक नही दे रहे ट्रैफिक प्रभारी की साफ स्वक्ष छवि ओर सभी के साथ एक जैसे ब्याबहार के चलते लोगो के दिलो में अपनी जगह बनाते हुए नजर आ रहे है थाना प्रभारी की टीम एबम ट्रैफिक प्रभारी ने अपनी मेहनत और लगन से नगर के ट्रैफिक को बीचों बीच एक तरफ ऐसे ब्यबस्थित करबाया जैसे कभी नगर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई ही न हो।

**ये है लहार ट्राफिक के नियम**

(1) भारी बहान एबम ट्रेक्टर नगर में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक नगर में प्रवेश बर्जित किया गया है पालन करें।

(2)अपने बहान नगर के बीचों बीच बने ट्रैफिक नियमानुसार करें जिससे खुद भी परेशानी से बचे ओर दूसरो को भी परेशानी से बचाने में सहायक बनें।

(3)नगर के स्टैंड ओर पचपेड़ा तिराहे पर लगे पॉइंट टीम का सहयोग कर ट्रैफिक व्यवस्था सही करने में प्रशासन की मदद करें।

(4)नगर में अपनी गाड़ी रोककर बर्तालाप न करें ऐसा करने से आप पर चलानी कार्यबाही भी हो सकती है।

(5)ट्रैफिक नियमों को निभाने में अपने आपको बेज्जत महसूस न करे अगर आप नियम तोड़ते है तो सहर्ष चालान भरें और गर्व महसूस करें।

*लगातार हो रहे प्रयासों के चलते ट्रैफिक ब्यबस्था देखते हुए नगर के लोगो ने थाना प्रभारी महोदय एबम सूबेदार प्रेम सिंह राठौर एबम उनकी टीम की खुले शब्दो मे प्रसंसा की है।

## शराब का अवैध विक्रय करते आठ गिरफ्तार

### -अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पकड़े गए आरोपी

**भिण्ड,ब्यूरो।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत विभिन्न स्थानों से करीब नौ हजार की अवैध शराब के साथ 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मेहगांव, मौ, दबोह, भारौली, बरोही, मालनपुर, शहर कोतवाली एवं देहात थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार मेहगांव पुलिस ने बुधवार की शाम जरिए मुखबिर प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में मौ रोड स्थित कठुआं पुलिया के पास लाखनसिंह पुत्र भागीरथ जाटव निवासी हरी सिंह का पुरा थाना मेहगांव को गिरफ्तार कर 900 रुपए कीमती 18 क्वार्टर देशी शराब के जब्त किए हैं। उधर मौ पुलिस ने कस्बा स्थित सर्किट हाउस के पास तिराहा के पास से 1200 रुपए कीमती 24 क्वार्टर देशी शराब के जब्त कर आरोपी मायाराम खटीक पुत्र अतरसिंह खटीक निवासी गोल पहाड़िया के पास जनकगंज ग्वालियर को दबोच लिया है। दबोह पुलिस ने समथर तिराहा से मलखान पुत्र कंगली कुशवाह निवासी ग्राम गोरा को दबोच कर उसके कब्जे से 1200 रुपए कीमती देशी शराब के 20 क्वार्टर जब्त किए हैं। उधर भारौली पुलिस द्वारा बुधवार की देर शाम जरिए ग्राम भारौली खुर्द से पप्पू राजावत पुत्र हुकुम सिंह राजावत निवासी ग्राम भारौली कलां को गिरफ्तार कर 1400 रुपए कीमती 21 क्वार्टर देशी शराब के जब्त किए गए हैं। इसी प्रकार बरोही पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते मोनू खान पुत्र महबूब खान निवासी ग्राम सेमरपुरा से भिण्ड-ग्वालियर रोड स्थित महाकाल ढावा के पास से देशी शराब के 18 क्वार्टर पकड़े हैं, जिसकी कीमत करीब 900 रुपए बताई गई है। उधर मालनपुर पुलिस ने क्षेत्र के एटलस तिराहा से अवैध रूप से शराब बेच रहे कल्लू पुत्र मायाराम जाटव निवासी ग्राम चक तुकेंड़ा को दबोचकर उसके कब्जे से 1080 रुपए कीमत के देशी शराब के 18 क्वार्टर पकड़े हैं। शहर कोतवाली पुलिस ने मेला ग्राउण्ड पानी की टंकी के पास से जमीर खां पुत्र मोहम्मद खलील निवासी वार्ड नम्बर 30 सुभाष नगर भिण्ड को देशी शराब के 950 रुपए कीमत के 19 क्वार्टर के साथ पकड़ा है। उधर देहात थाना पुलिस ने बस स्टेण्ड के पास स्थित सुभाष तिराहा के पास अवैध रूप से शराब बेचते केशव सिंह पुत्र कालीचरन जाटव निवासी हरगोविंद पुरा थाना गोहद चौराहा को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1050 रुपए कीमत के 21 क्वार्टर जब्त किया गए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



## दंदरौआधाम में उपनयन संस्कार का आयोजन हुआ

**भिण्ड,ब्यूरो।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआधाम में गुरुवार को उपनयन संस्कार(जनेऊ) का कार्यक्रम श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज के सानिध्य में आयोजन कराया जा रहा है। इस आयोजन में सर्वप्रथम गणेश पूजा एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसमें श्री पुरूषोत्तम संस्कृत विद्यालय के छात्रों के अलावा बाहर से आए हुए बालकों का उपनयन संस्कार(जनेऊ) मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से आचार्य बालकृष्ण त्रिवेदी (वेदाचार्य ग्वालियर) एवं भैरवदत्त त्रिवेदी के द्वारा 108 बालकों का उपनयन संस्कार (जनेऊ) दंदरौआधाम में कराया गया। इस अवसर पर पं.भोलाराम शास्त्री (प्राचार्य), सुरेश शास्त्री, ओमप्रकाश शास्त्री, रामवरन पुजारी, हरिशंकर द्विवेदी, ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, सुधांशु मोहन गुबरेले, अम्बरीष आचार्य सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## राजकीय सम्मान के साथ हुआ पूर्व स्वास्थ मंत्री का अंतिम संस्कार

भिण्ड,ब्यूरो। मध्य प्रदेश शासन के पूर्व स्वास्थ मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ राजेंद्र प्रकाश सिंह (कार्यकाल 1990-93) का बीती रात 5 फरबरी 2020 को लंबी बीमारी के चलते देहांत हो गया। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ राजेन्द्र प्रकाश सिंह का गुरुवार 6 फरबरी 2020 को ग्राम किटी तहसील मौ जिला भिण्ड में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर मेहगाँव विधायक ओपीएस भदौरिया, कलेक्टर छोटे सिंह, पुलिस अधीक्षक रूडोल्फ अल्वारेस, अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जनसमूह उपस्थित था।

## जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक/बौद्धिक प्रतियोगिताऐं आज भी टीसीपीसी प्रांगण भिण्ड में

**भिण्ड,ब्यूरो।** जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग भिण्ड ने बताया कि जिले में अनु.जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/ आश्रमों में प्रवेशित जूनियर 17 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं एवं सीनियर 17 वर्ष से 20 वर्ष तक की आयु के छात्र-छात्राओं के लिए जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक/बौद्धिक प्रतियोगिताऐं 5, 6 एवं 7 फरवरी 2020 को टीसीपीसी प्रांगण केन्द्रीय विद्यालय मार्ग लहार रोड भिण्ड में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता हेतु जिले में संचालित छात्रावासों को 6 जोन-भिण्ड मेहगांव, गोहद, लहार, अटेर एवं रौन में विभाजित किया गण है। प्रत्येक जोन में 09 छात्र एवं 09 छात्राऐं प्रतियोगिता में भाग ले सकेगी। क्रीडा प्रतियोगिता 06 एवं 07 फरवरी 2020 को दिन में खेलकूद तथा सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता उक्त दिनांको को ही रात्रि में आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक अनु.जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि क्रीडा प्रतियोगिताओं में दौड, कूद, गोला फेंक, तबा फैंक, कबड्डी, खो-खो, वालीवाल एवं क्रिकेट खेला जाएगा। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकल गायन, सामूहिक गायन, प्रहसन एवं एकांकी नाटक होगा। बौद्धिक प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, भारतीय संस्कृतिक हिन्दी की उपयोगिता निबंध-बेटी बचाओं बेटी पढाओं विषय भाषण-सामाजिक समरसता महापुरूषो का योगदान-स्वच्छ भारत एवंर्ं चत्रकला प्रतियोगिता में रंगोली एवं चित्रकला आयोजित की जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 फरवरी को

**भिण्ड,ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 8 फरवरी 2020 को भिण्ड जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड जे.के. वर्मा के निर्देशन में एवं अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड संजय कुमार द्विवेदी कें मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय, भिण्ड एवं न्यायिक तहसील मेहगांव, गोहद, एवं लहार के प्रत्येक न्यायालय में 8 फरवरी 2020 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एम.ए.सी.टी. (मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक, श्रम, भूमि, अधिग्रहण, विद्युत एवं जलकर/बिल, सेवा मामले जो सेवा निवृत संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण जो केवल जिला कोर्ट में लम्बित हो, दीवानी मामलें तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। उक्त लोक अदालत में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि पूर्ववर्ती सामान्य लोक अदालतों में दी गई छूट के समान विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 135 एवं 138 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकर के लिए 08 फरवरी, 2020 को होने वाली नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के घरेलू व कृषि, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू तथा 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट प्रदाय की जाएगी। प्रीलिटिगेशन स्तर पर-कम्पनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 40 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान पर चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश (126 के प्रकरणों में अंतिम निर्धारण आदेश) जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले व्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर-कम्पनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 25 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले व्याज की राशि 100 प्रतिशत की छूट की जावेगी। उपरोक्तानुसार छूट नियमानुसार शर्तों के तहत दी जाएगी।

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व एवं व्याज की राशि का एक मुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता का विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/सयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थित में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित सयोजनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली वार किऐ जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के प्राप्त नहीं होगें। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जाएगी। यह छूट मात्र नेषनल लोक अदालत 8 फरवरी 2020 में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। पक्षकारगण से अपील की जाती है कि वह अपने मामलों का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराकर उक्त दी जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त करें।

# विधायक गोयल एवं कलेक्टर चौधरी ने नगर भ्रमण कर लिया जायजा

## आवागमन में बाधा बन रहे विद्युत उपकेन्द्र शिफ्त होगा

**ग्वालियर।** नगर के नागरिकों को आवागमन एवं मूलभूत सुविधायें बेहतर तरीके से प्राप्त हों। इसके लिए विधायक श्री मुन्नालाल गोयल एवं कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने अधिकारियों के साथ ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-6 का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, एसडीएम श्रीमती जयति सिंह, एसडीएम श्री अनिल बनवारिया सहित नगर निगम के अधिकारीगण साथ थे।

विधायक श्री मुन्नालाल गोयल एवं कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने गुरूवार को ठाठीपुर मेहरा से सारिकानगर, दर्पण कॉलोनी होते हुए सचिन तेंदुलकर मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण में बाधक बन रहे 33 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी को राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर स्थान चिन्हित कर विद्युत उपकेन्द्रों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए, जिससे सड़क चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र किया जा सके। मेहरानगर मंफ शासकीय भूमि पर आवागमन में बाधा बने



अतिक्रमणों को भी हटाने के संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी को निर्देश दिए कि सड़क के बीच में लगे बिजली के खम्बों को भी सड़क के किनारे शिफ्ट किए जाएं।

विधायक श्री गोयल एवं कलेक्टर श्री चौधरी ने हुरावली स्थित पुल के समीप शासकीय भूमि का समतलीकरण कर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त भूमि पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का बोर्ड भी लगाएं।

कलेक्टर श्री चौधरी ने भ्रमण के दौरान शासकीय भूमि पर तथा बिना अनुमति निर्माण किए गए भवन स्वामियों को नगर पालिका निगम के अधिकारियों द्वारा नोटिस देकर तोड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व एवं नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जो शासकीय भूमि अतिक्रामकों से मुक्त कराई गई है, उस भूमि पर साइन बोर्ड लगाए जाएं, जिससे कोई अतिक्रामक किसी भी प्रकार का निर्माण या फैंसिंग न कर सके। उन्होंने फूटी कॉलोनी में फॉर सेल आउट की डुपलेक्स की बाउण्ड्रीवॉल का भी परीक्षण करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाइपास हाईवे पर स्मार्ट सिटी द्वारा जो प्रवेश द्वार बनाया गया है, उसके स्थान पर मोतीमहल में स्मार्ट सिटी द्वारा बनाए गए प्रवेश द्वार की तर्ज पर प्रवेश द्वार बनाएं। विधायक श्री गोयल एवं कलेक्टर श्री चौधरी ने रमौआ बांध का अवलोकन कर बांध पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान जल संसाधन विभाग के सहायक यंत्री श्री यादवेन्द्र शर्मा को निर्देश दिए कि रमौआ बांध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सके और जल शक्ति योजना के तहत रमौआ बांध के शिलु गेट से नहर के माध्यम से सिंचाई हेतु पानी जड़ेरूआ पिकअप वियर में पहुँचाने हेतु प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जल संसाधन विभाग के निरीक्षण हट (रेस्ट हाउस) का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य करने के भी निर्देश दिए। मुरार नदी के किनारे बनाए जा रहे पहुँच मार्ग का भी अवलोकन किया।




## स्वच्छ भारत अभियान के लिए किया जागरूक

**ग्वालियर।** सीबीएसई की एक महत्वपूर्ण योजना सेवा 'सोशल एम्पावरमेंट थ्रू वर्क एजुकेशन एंड एक्शन' के तहत आईटीएम ग्लोबल स्कूल के स्टूडेंट्स ने अड़ूपुरा में एक जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अंतर्गत 9वीं और 11वीं के स्टूडेंट्स ने अड़ूपुरा स्कूल के स्टूडेंट्स से चर्चा कर उन्हें स्वच्छ भारत अभियान के बारे में समझाया। उन्हें बताया गया कि अपने घर के आसपास सफाई का ख्याल रखना तो जरूरी है, लेकिन स्कूल में भी स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। कोई भी चीज यहां- वहां न फेके और प्लास्टिक का उपयोग न करें। इस दौरान स्टूडेंट्स ने उन्हें कई पोस्टर दिखाकर भी स्वच्छता का महत्व समझाया। इस दौरान ग्लोबल के स्टूडेंट्स ने अड़ूपुरा के शासकीय स्कूल के स्टूडेंट्स को स्टेशनरी का सामान जैसे पेन, कॉपी, रबर, इरेजर, स्केल आदि वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि सेवा (सोशल एम्पावरमेंट थ्रू वर्क एजुकेशन एंड एक्शन) के तहत स्टूडेंट्स के मेंटल, इमोशनल और सोशल हेल्थ को बढ़ाने के लिए ध्यान दिया जाता है। उन्हें प्रेरित किया जाता है कि वे अपनी एक्टिविटी से अन्य को जागरूक कर सकें और उनका सहयोग करें। ऐसे में स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी और सोचने का दायरा बढ़ता है। जो उनके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ाने के काम आता है। इस मौके पर आईटीएम ग्लोबल स्कूल की फैकल्टीज कमल सिंह, रीना नैयर, मनप्रीत कौर, सुभाष यादव, मंजू शर्मा ने स्टूडेंट्स का सहयोग किया।



## 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आज हुआ भूमि पूजन

ग्वालियर / इंद्रमणि नगर ने गायत्री महायज्ञ का विधायक मुन्नालाल गोयल द्वारा भूमि पूजन किया गया जिसमें सम्मानीय गढ़ क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर,अशोक तोमर,सुरेंद्र सिंह चौहान रिटायर सब रजिस्टार, एडवोकेट धनेन्द्र चौहान (सोनू) शेरू चौहान मोनू चौहान देवेंद्र सिंह सिंह परमार परमार प्रीतम लोधी देवेंद्र सिंह भदोरिया,सत्य प्रकाश सिंह चौहान मुनेंद्र सिंह भदोरिया,विवेक सिंह जादौन विजय तोमर शैलेंद्र सिंह भदोरिया,बिपिन तोमर भिडौसा सहसंपादक पुष्पांजली टुडे एवं सेकड़ो लोग उपस्थित रहे। 21 22 23 फरबरी को 24ऽ कुंडी यज्ञ कराया जा रहा है जिसमें आप सभी लोग सादर आमंत्रित है

## बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा पांचवी और आठवी की वार्षिक परीक्षा

**ग्वालियर।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार इस वर्ष कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाएगी तथा परीक्षा में बच्चों का डिटेंशन भी किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा के पहले बच्चों की प्री वार्षिक परीक्षा लेने के संबंध में सभी जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश दिए गए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्री वार्षिक परीक्षा माह फरवरी 2020 के प्रथम सप्ताह में शाला स्तर पर ही आयोजित की जाएगी। कक्षा पांचवी एवं आठवीं के लिए प्री वार्षिक परीक्षा समस्त विषयों की आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के लिए मुख्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा तैयार कराए जाएंगे तथा शेष अन्य अल्पभाषा, संगीत विषय के अतिरिक्त अंग्रेजी माध्यम एवं मराठी माध्यम के प्रश्न पत्र शाला स्तर से ब्लूप्रिंट अनुसार तैयार कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रतिदिन होगी सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षाः निगमायुक्त

**ग्वालियर।** सभी अधिकारी कर्मचारी सम्पत्तिकर वसूली के लक्ष्य को ध्यान में रखकर टीमवर्क के साथ कार्य करें तथा हर हाल में सम्पत्तिकर वसूली का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे पूरा करें। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि निगम को मिलने वाले राजस्व के जो स्रोत हैं उनमें कतई लापरवाही न बरती जाए। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री नरोत्तम भार्गव, श्री दिनेश शुक्ला, श्री राजेश श्रीवास्तव, उपायुक्त श्री जगदीश अरोरा, श्री सत्यपाल सिंह चैहान सहित सभी संबंधित सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी, वसूली प्रभारी एवं कर संग्रहक उपस्थित रहे।

निगमायुक्त श्री संदीप माकिन ने आज गुरूवार को नगर निगम के प्रशासनिक कार्यालय में आयोजित सम्पत्तीकर की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों से



वार्ड वार सम्पत्तिकर की समीक्षा की और कहा कि लक्ष्य अनुसार सम्पत्तिकर वसूली किये जाने हेतु प्रत्येक करसंग्रहक के लिए प्रतिदिन सम्पत्तिकर वसूली एवं आईडी कवरेज के लक्ष्य जारी किये गए थें। परंतु आज दिनांक तक दिये गए लक्ष्य अनुसार वसूली नहीं की है। इसलिए अब आपके लिए प्रतिदिन का लक्ष्य प्रपत्र दिया जा रहा है। संबंधित अधिकारी प्रतिदिन बैठक कर लक्ष्य निर्धारित करें तथा शाम को लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा कर प्रपत्र को जमा करें। वित्तीय वर्ष में लगभग 45 दिन शेष रह गया है।

निगमायुक्त श्री माकिन ने कहा कि प्रतिदिन कर संग्रहक वाइज वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया जाये और उस लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन समीक्षा की जावे। इसके लिए नगर निगम आयुक्त श्री माकिन ने संबंधित अपर आयुक्त एवं उपायुक्त अपने अपने क्षेत्र की सम्पत्तिकर अधिकारियों व कर संग्रहक की बैठक प्रतिदिन करने के लिए आदेश भी जारी कर दिए हैं। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार अपर आयुक्त श्री नरोत्तम भार्गव क्षेत्र क्रमांक 1,3 एवं 7 के सम्पत्तिकर अमले, अपर आयुक्त श्री दिनेश शुक्ला क्षेत्र क्रमांक 15,16 एवं 19, अपर आयुक्त श्री आरके श्रीवास्तव क्षेत्र क्रमांक 8,9,10, अपर आयुक्त श्री राजेश श्रीवास्तव क्षेत्र क्रमांक 24,25, उपायुक्त श्री देवेन्द्र चैहान क्षेत्र क्रमांक 2,4,5,6, उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चैहान क्षेत्र क्रमांक 17,18,20,21, उपायुक्त श्री जगदीश अरोरा क्षेत्र क्रमांक 11,12,13,14, एवं उपायुक्त श्री आनंद कुमार क्षेत्र क्रमांक 22 एवं 23 के सम्पत्तिकर अमले की प्रतिदिन प्रातः 8 बजे निर्धारित कार्यालय पर समीक्षा करेगें।

# भगवान आदिनाथ की निकले आहारचर्या पर हुआ केवल ज्ञान प्राप्त

**ग्वालियर/भितरवार ।** परम पूज्य आचार्यश्री विवेक सागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनिश्री विहसंत सागर जी महाराज के सानिध्य में भितरवार सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आज छठवें दिन गुरुवार को तीर्थंकर प्रभु का केवल ज्ञान कल्याणक मनाया गया। राग के बाद विराग तथा उसके बाद दिव्य ज्ञान रूपी केवल ज्ञान को प्राप्त करने की प्रसन्नता समाज सहित अन्य लोगों को भी हुई। उन्होंने तीर्थंकर प्रभु के इस स्वरूप को भव्यता के साथ दर्शन किया। शाम को 108 दीपों से भव्य महाआरती, शास्त्र सभा, सम्मान समारोह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि प्रभु के केवल ज्ञान प्रकट होने के बाद उनके सधो सुख का मार्ग बताने के साथ भक्तिभाव सहित उस पर चलने का संकल्प लिया। ज्ञानकल्याणक में सुबह नित्य



पूजा, तप कल्याणक पूजा, मुनिश्री के प्रवचन, महामुनि आदिनाथ की प्रथम आहार विधि संपन्न कराई गई जिसमें उपस्थित दोनों मुनि श्री ने भगवान को गन्ने के रस का कसा पान कराती हुई आहार चर्या प्रारंभ कराई । भगवान आदिनाथ आहार के लिए निकले। विधि मिलने पर भगवान ने आहार लिया।

आचार्यश्री विवेक सागर महाराज ने प्रथम आहार विधि के बाद सभी अयोध्यानगरी वासियों को ज्ञान से अवगत कराया। संयम व साधना के पथ पर चलते हुए जब यह जीव संसार शरीर और भोगों से अपना मोह त्याग देता है तब तप कल्याणक के बाद वह मनुष्य केवल ज्ञान से युक्त होकर संसार को सधो सुख का मार्ग बताता है। यह केवल ज्ञान ऐसा श्रेष्ठ ज्ञान है जिसको पाने के बाद उस जीव के ज्ञान में संसार के किसी भी प्राणी का भूत-भविष्य, वर्तमान आदि तो साफ-साफ दिखते हैं और वह संसार सहित तीनों लोकों की जानकारी भी अपने ज्ञान में प्राप्त करता है। यह ऐसी दशा है जो उस जीव को अद्वितीय बनाती है और उसे भगवान के रूप में प्रतिष्ठित करती है। केवल ज्ञान प्रकट होने के बाद उस जीव में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन आ जाते हैं जैसे उसे भूख-प्यास, पसीना आदि अठारह प्रकार के संसारी प्राणियों के दोष हैं वे समाप्त हो जाते हैं ।और यह जीव अपनी मोक्ष प्राप्त करने तक की बची हुई जीवन यात्रा में संसार के सभी प्राणियों को उनको सधो सुख को प्राप्त करने का मार्ग बताते हैं। इस मार्ग पर चलकर जीव मनुष्य से भगवान बन जाता है। भगवान बाहर से नहीं आते इस जीव के अंदर ही वह आत्मा में विराजमान हैं। जो जप-त्याग और संयम से भगवान बन सकती है। जरूरत केवल अपने अंदर बैठी इस जीव रूपी आत्मा को अपने पराक्रम से प्राप्त करने की है। और एक बार यह जिसे भी प्राप्त हो गया। वह जीव तो सदा-सदा के लिए भगवान बनकर पूज्य हो जाएगा।


## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन प्रारंभ

**ग्वालियर ।** रबी मौसम में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये किसानों का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। ऐसे किसान जो समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करना चाहते हैं, उन्हें अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन का कार्य एक फरवरी से शुरू हो गया है और 28 फरवरी तक जारी रहेगा। किसानों को इस बार मोबाइल एप के माध्यम से भी पंजीयन कराने की सुविधा दी गई है। ई-उपार्जन मोबाइल एप के अलावा एमपी किसान एप पब्लिक डोमेन में ई-उपार्जन पोर्टल पंजीयन केन्द्रों पर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं। गत वर्ष के पंजीकृत किसानों एवं नये किसानों को पंजीयन कराना जरूरी होगा। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित तिथि में अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करवा लें।

# निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित डब्ल्यूएचओ को कारण बताओ नोटिस एवं सफाई कर्मियों के एक दिवस के वेतन काटने के दिये निर्देश

**ग्वालियर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 में सफाई कर्मियों द्वारा शहर को साफ सुधरा रखने के लिए रात दिन काम किया सभी के सराहनीय प्रयास से शहर साफ दिखने लगा और आगे भी इसी प्रकार शहर को स्वच्छ व साफ रखना है। इसके लिए डब्ल्यूएचओ को सफाई कर्मियों के साथ मिलकर अपने अपने वार्ड को साफ रखना है। जहां भी दलेल की आवश्यकता हैं वहां दलेल लगाकर साफ सफाई कराई जाये। उक्ताश्य के विचार उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सत्यपाल सिंह चैहान ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए वार्ड 43, 50, 58 एंव 32 में सफाई कर्मियों को दिए।

उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सत्यपाल सिंह चैहान द्वारा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। जिसमे वार्ड 43 एवं 50 पर पदस्थ डब्लूएचओ




क्रमशः श्री मनोज चैहान एवं श्री नरेश गोंडयाले नदारद मिले। दोनो डब्लूएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त वार्ड क्र 58 एवं 32 का भी निरीक्षण किया गया जिसमे हाजरी निम्नानुसार रही। वार्ड 58 मे कुल 66 सफाई मित्रो मे से 04 सफाई मित्र अनुपस्थित पाये गये एवं वार्ड 32 मे कुल 51 सफाई मित्रों में से 11 सफाई मित्र अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित सफाई मित्रों के आज दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिए गए ।




आज सवर्ण समाज के लोगों ने जी वाय एम सी क्लब में एकत्रित होकर थाना इंदरगंज तक पैदल मार्च एवं थाने का घेराव किया तथा शेरु हरंनद बाल्मिकी के द्वारा क्षत्रिय समाज की महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई एवं प्रशासन द्वारा अभियुक्त के खिलाफ एन एस ए के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तारी करने की मांग की गई, आंदोलन में शामिल होने होने वाले क्रांति क्रांतिकारियों में। मानवेंद्र सिंह, सिकरवार श्रषभ भदौरिया। श्रीमती रजनी तोमर जितेन सिंह भदोरिया रूपसिंह राजावत, गजेन्द्र सिंह गोपाल सिंह तोमर। योगेंद्र सिंह, नौनेरा। सत्येंद्र सिंह भदौरिया। उमेश सिंह तोमर। धारा शर्मा। सेंगर,काना परिमार, अजय राठौड़, शिवमंगल सिंह कुशवाहा, सुनील पटेरिया, राजीव सारस्वत, नीलेश शर्मा, मुकेश तोमर,अन्नु गुप्ता जो दित्य राज सिंह भदोरिया सहित सैकड़ों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग उपस्थित थे।

## खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु जांच दल गठित

**ग्वालियर।** खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्य शासन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में 5 फरवरी से 20 फरवरी तक पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण हेतु विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए जिला स्तर पर टास्क फोर्स का भी सहयोग लिया जायेगा। कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के लिए एक जाँच दल गठित किया है। इस दल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला ग्वालियर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर व ग्रामीण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/तहसीलदार, जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी वन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय प्रमुख संचालक भौत्यिकी एवं खनिज कर्मचारी मोतीमहल तथा खनिज अधिकारी/खनिज निरीक्षकों को रखा गया है।

# साईंस एक्टिविटी कॉर्नर एवं विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना का विकास होगाः जी एस मौर्य

**ग्वालियर।** साईंस एक्टिविटी कॉर्नर एवं विज्ञान प्रदर्शनी में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर संचालक जनसंपर्क श्री जी एस मौर्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान प्रसार नई दिल्ली के प्रमुख वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. व्ही के त्यागी ने की। कार्यक्रम में डीआरडीओ के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. डी सी गुप्ता एवं पूर्व संयुक्त संचालक श्री एस सी अरोरा तथा श्रीमती रेखा पुष्पक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अपर संचालक श्री जी एस मौर्य ने साईंस एक्टिविटी कॉर्नर एवं विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए कहा




कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों ने वैज्ञानिक चेतना के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं ने विज्ञान की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर जो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विज्ञान गतिविधि कॉर्नर बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक अच्छा माध्यम प्राप्त हुआ है। जिससे बच्चे अपनी विज्ञान की प्रतिभा को और आगे बढ़ा सकेंगे। श्री मौर्य ने छात्र-छात्राओं से कहा कि विज्ञान के माध्यम से वे सामाज को कुरीतियों एवं भ्रांतियों को भी दूर करने में भी आगे आएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विज्ञान प्रसार नई दिल्ली के प्रमुख वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. व्ही के त्यागी ने कहा कि हमें बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी जिज्ञासा को भी दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोंण अपनाना बहुत जरूरी है। डॉ. डी सी गुप्ता ने बच्चों को जल एवं ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भावी पीड़ी को हमें ध्यान में रखते हुए जल के साथ-साथ ऊर्जा का भी संरक्षण करना होगा और हमें ऊर्जा के विभिन्न रूपों का भी उपयोग करना होगा। केन्द्रीय विद्यालय के डॉ. डी पी शर्मा द्वारा भौतिक विज्ञान के रोचक प्रयोगों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी गई। भिण्ड से आए श्री राजनारायण राजौरिया द्वारा गणित विषय के प्रश्नों को रोचक एवं सरल तरीके से हल करने की जानकारी दी गई। श्री जितेन्द्र भटनागर ने चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या कर प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट विद्यालय मुरार की डॉ. दीप्ति गौड़ ने मौसम पर आधारित किट की प्रस्तुति दी। साईंस एक्टिविटी कॉर्नर एवं विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कालोनी भिण्ड रोड गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/MPHIN31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। सम्पादक-भरत सिंह चौहान। E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333- मोबा.8269307478,